जंगल में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

परिजनों ने हत्या की जतायी आशंका

चित्रकूट। मारकुंडी थाना क्षेत्र के डोडामाफी गांव निवासी किसान रविवार की सुबह आठ बजे कुल्हाड़ी लेकर जंगल से लकड़ी लेने की बात कहकर निकला लेकिन सोमवार की सुबह छह बजे उसका एक पेड़ पर शव लटका मिला। जानकारी होते ही परिजन एवं ग्रामीण मौके पर पहुंचे। पुलिस की मौजूदगी में शव को पेड़ से उतारा गया। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह खुदकुशी लगती है। वहीं परिजनों का कहना है कि हत्या कर फंदे में टांगने की आशंका है। फील्ड यूनिट टीम ने मौके से लकड़ी का गठठर कुल्हाडी और साफी बरामद की है।

डोडामाफी गांव निवासी रामकेश यादव ने बताया कि उसका भाई राजकिशोर (४५) रविवार की सुबह घर में लकड़ी लेने जंगल जाने की बात कहकर कुल्हाड़ी लेकर निकला था। शाम तक उसके न लौटने पर स्वजन परेशान हुए और सभी संभावित स्थानों पर खोजबीन की। पुलिस सूचना भी दी। पुलिस ने भी कई जगह खोजबीन की लेकिन रातभर कुछ पता नहीं चला। बताया कि वह सुबह जंगल में भाई की तलाश कर रहा था तभी गांव से लगभग दो किमी दूर जंगल के एक पेड़ पर उसका शव साफी से लटका मिला। जानकारी होते ही थाना प्रभारी दीपक कुमार मय फोर्स पहुंचे। थाना प्रभारी ने बताया कि स्वजन हत्या की आशंका तो जता रहे हैं लेकिन प्रथम दृष्टया खुदकुशी लगती है। सही जानकारी पोस्टमार्टम की रिपोर्ट से होगी। इसी आधार पर आगे की कारवाई की जायेगी।

ट्यूबवेल की छत से कृषि उपकरणों के पाट्र्स चोरी, दो पर आरोप

जौनपुर। सुरेरी थाना क्षेत्र के कठवतिया गांव में ट्यूबवेल के कमरे की छत पर रखे करीब छह क्विंटल वजनी पुराने कृषि उपकरणों के पाट्र्स चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित शिव कुमार सिंह ने पड़ोस के ही दो युवकों पर चोरी का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है।तहरीर के अनुसार, २० अक्टूबर की रात पड़ोसी रवि सिंह उर्फ धोनी और विवेक सिंह छत से सामान उठा ले गये। पीड़ित का दावा है कि यूपी-११२ पुलिस के समक्ष आरोपितों ने घटना स्वीकारी थी, जिसका वीडियो भी मौजूद है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं (आईपीएस) गोल्डी गुप्ता ने बताया कि प्रकरण की जांच कराकर सुरेरी पुलिस के माध्यम से नियमानुसार विधिक कारवाई की जाएगी।

जनपद में धूमधाम से मनायी गयी महर्षि वाल्मीकि जयंती

जौनपुर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर जनपद की तहसीलों, विकास खंडों और ग्राम पंचायतों में श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये। शासन के निर्देशानुसार प्रमुख मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन, दीपदान और वाल्मीकि रामायण पाठ का आयोजन हुआ।मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नरेंद्र बहादुर सिंह ने शीतला चौकिया धाम स्थित मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और रामायण पाठ में सहभागिता की। इसके अलावा छोटी काशी, शकरमंडी चुंगी स्थित हनुमान मंदिर, रामजानकी मंदिर अहियापुर, मैहर देवी मंदिर, मड़ियाहूं कस्बा, तिलौरा, मुबारकपुर और सरोखनपुर सहित विभिन्न देवालयों में स्थानीय कलाकारों ने संगीतमय रामायण पाठ प्रस्तुत किया। इस दौरान संबंधित एसडीएम, बीडीओ और ईओ ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

चंदवक पुलिस ने चोरी के चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

जौनपुर। चंदवक थाना पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चार आरोपितों को गिरफ्तार कर विधिक कारवाई की है। पुलिस के अनुसार, पकड़े गये अभियुक्तों पर बीएनएस की धारा ३०३(२) और ३१७(२) के तहत मुकदमा दर्ज था।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान साकिब अली (निवासी चवरवर), अफजल शाह (निवासी मुढ़ैला), आयुष यादव और शिवम सोनकर (दोनों निवासी गोनौली, थाना चंदवक) के रूप में हुई है। गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक विवेकानंद सिंह, हेड कांस्टेबल रामनरेश और हेड कांस्टेबल अनिल कुमार यादव शामिल रहे।

एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं समस्याएं, त्वरित निस्तारण के निर्देश

जौनपुर। पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई कर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को प्रत्येक प्रकरण का निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण समयसीमा के भीतर सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

एसपी ने स्पष्ट कहा कि जनशिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फरियादियों को न्याय दिलाना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति की जांच करें ताकि पीड़ित को बार-बार चक्कर न लगाना पड़े।



कार्यक्रम की शुरुआत करते प्रदेश अध्यक्ष।

एरियर और नियमितीकरण की मांगों पर संघर्ष जारी -विक्रम

अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन की जिला कमेटी का विस्तार, पांच ब्लाक अध्यक्ष घोषित

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन ने संघटन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से जिला कमेटी का विस्तार किया। बेड़ीपुलिया स्थित गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह ने अनुदेशकों की बैठक लेकर संघटन की मजबूती और उनकी मांगों को लेकर चर्चा की। प्रदेश अध्यक्ष विक्रम सिंह ने जिला कमेटी के विस्तार की घोषणा करते हुए अनुदेशकों से एकजुट रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कुछ तथाकथित संघटन और स्वयंभू नेतृत्वकर्ता अनुदेशकों को एरियर, नियमितीकरण और न्यायिक लड़ाई के परिणाम को लेकर निराश करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे में अनुदेशकों को डरने या घबराने की जरूरत नहीं है। उन्हें अपने संघटन, नेतृत्व और संघर्ष पर विश्वास बनाये रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि अनुदेशकों की कानूनी लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ाने में वरिष्ठ अधिवक्ता पी.एस. पटवालिया और अधिवक्ता आरके सिंह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सभी अनुदेशकों को देश की सर्वोच्च न्यायालय और न्यायिक प्रक्रिया पर भरोसा रखते हुए धैर्य के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी के डराने या निराशाजनक बयान देने से अधिकार समाप्त नहीं हो जाते।

एरियर और नियमितीकरण संघटन की प्रमुख मांगें हैं और इनके लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने अनुदेशकों से अफवाहों से दूर रहने तथा कानूनी मामले से संबंधित जानकारी आधिकारिक स्रोतों और संघटन के माध्यम से प्राप्त करने की अपील की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार ने कहा कि सभी अनुदेशकों को संगठित होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयास करना होगा। संघटन की एकजुटता ही उनकी मांगों को मजबूती प्रदान करेगी। उन्होंने सभी अनुदेशकों का आभार व्यक्त करते हुए संघटन को और अधिक मजबूत बनाने पर जोर दिया। बैठक के दौरान जनपद के पांच ब्लाकों के अध्यक्षों की भी घोषणा की गयी। इनमें पहाड़ी, कर्वी, मऊ, रामनगर और मानिकपुर ब्लाक शामिल हैं। जिला कमेटी के विस्तार और ब्लाक स्तर पर संगठनात्मक जिम्मेदारियां सौंपे जाने से संघटन को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाने की दिशा में कदम उठाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री अतुल अवस्थी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुशील पाण्डेय, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अभिषेक राय, प्रदेश मीडिया प्रभारी हिरदेश सिंह, बांदा के जिला कोषाध्यक्ष आशुतोष दुबे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सोनी, सचिव भास्कर द्विवेदी, जिलाध्यक्ष अरविन्द कुमार, कर्वी, पहाड़ी, मऊ, रामनगर, मानिकपुर ब्लाकों के अध्यक्षों सहित दर्जनों अनुदेशक उपस्थित रहे।

मानक विहीन सीसी रोड निर्माण का वीडियो वायरल, भ्रष्टाचार के आरोप

जौनपुर। नगर पंचायत कजगांव के वार्ड संख्या तीन (माधोपट्टी) में कराया जा रहा सीसी रोड निर्माण कार्य विवादों में घिर गया है। निर्माण कार्य में घोर अनियमितता और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए स्थानीय नागरिकों ने इसका वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है।

वार्डवासियों का कहना है कि निर्माण कार्य के दौरान ही सड़क की साइड में लगायी जा रही ईंटें अपने आप उखड़ कर बिखर रही हैं।

घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी के चलते क्षेत्र में रोष व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया कि मामले में नगर पंचायत अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी सहित जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं, जिससे शासन की विकास योजनाओं पर पलीता लग रहा है।

जनगणना : मऊ में ४८८ प्रगणक और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण शुरू



चित्रकूट। जनगणना २०२७ के द्वितीय चरण में जनसंख्या गणना के लिए सोमवार से मऊ तहसील क्षेत्र में प्रगणकों और सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण शुरू हो गया। बालिका इंटर कालेज मऊ में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का उप जिलाधिकारी राम ऋषि रमन ने जायजा लिया।

नगर पंचायत में ५२ कार्मिकों को भी दिया जा रहा प्रशिक्षण नवम्बर में शुरू होगी स्वगणना की सुविधा

मऊ तहसील क्षेत्र में कुल ४८८ प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जाना है। यह प्रशिक्षण २६ अक्टूबर से ४ नवंबर तक कुल १० बैचों में पूरा किया जाएगा। वहीं, नगर पंचायत मऊ में तैनात ५२ प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों का प्रशिक्षण २६ से २८ अक्टूबर तक पूरा कराया जाना है। जनगणना के द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना की जाएगी। इसके तहत नागरिकों को १६ नवंबर से ३० नवंबर २०२६ तक स्वगणना की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी। इसके बाद एक दिसंबर २०२६ से ४ जनवरी २०२७ तक जनसंख्या गणना का कार्य किया जाएगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, जनसंख्या गणना के बाद ५ से ९ जनवरी २०२७ तक पुनरीक्षण अवधि निर्धारित की गयी है। इस दौरान गणना से संबंधित विवरणों का पुनरीक्षण किया जाएगा। प्रशासन की ओर से जनगणना कार्य को व्यवस्थित और समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

सेवा भारती ने १५१ कन्याओं का किया पूजन, बांटे फल

चित्रकूट। सेवा भारती जिला इकाई ने शिवरामपुर रोड सीतापुर बाणगंगा सरोवर के सामने बने आश्रम में कन्या पूजन एवं सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर १५१ कन्याओं का रोली एवं चंदन से तिलक लगाकर पूजन किया गया। भोजन के उपरांत सभी कन्याओं को फल और दक्षिणा भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर सेवा भारती के जिला महामंत्री राज किशोर शिवहरे ने कहा कि भारतीय संस्कृति में कन्याओं को देवी का स्वरूप माना गया है। समाज में समरसता, संस्कार और नारी सम्मान की भावना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से समय-समय पर संस्था द्वारा तमाम प्रकल्पों के साथ ऐसे सेवा कार्य भी आयोजित किए जाते हैं। जिलाध्यक्ष गुरु प्रकाश शुक्ला ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से सनातनियों में जागरूकता समरसता एवं अनेकों प्रकार के सामाजिक कुरीतियां, भेदभाव में विराम लगाने के लिए कार्यक्रम वर्ष भर चलाये जाते हैं। कार्यक्रम में संस्था के जिला कोषाध्यक्ष राजकिशोर त्रिपाठी, जिला स्वावलंबन प्रमुख शिवकुमार एवं स्थानीय ग्रामवासी, महिलाएं बच्चे उपस्थित रहे।

पागल कुत्ते के काटने से बालक घायल, भर्ती

चित्रकूट। बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के रूखमा खुर्द में पागल कुत्ते के हमले से बच्चा घायल हो गया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि सोमवार की सुबह पागल कुत्ते के हमले से छह वर्षीय मासूम शैलेंद्र पुत्र दिनेश घायल हो गया।

परिजनों ने बताया कि शैलेंद्र घर के बाहर खेल रहा था। तभी अचानक कहीं से पागल कुत्ता आकर शैलेंद्र के ऊपर हमला कर दिया। शैलेंद्र की चीख सुनकर परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचें। जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है।

पुराने वाहन खरीदते समय बरतें सावधानी-जौनपुर पुलिस

जौनपुर। जौनपुर पुलिस ने आमजन से पुराना (सेकंड हैंड) वाहन खरीदते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि कोई भी वाहन खरीदने से पहले उसका मूल पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी), वैध दस्तावेज और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट की अनिवार्य रूप से जांच करें। पुलिस के अनुसार, बिना नंबर प्लेट, अधूरे कागजात या संदिग्ध स्थिति वाले वाहनों की खरीद-फरोख्त से बचें। वाहन मालिक के असली पहचान पत्र और स्वामित्व की पुष्टि के बाद ही सौदा करें, ताकि अनजाने में चोरी या आपराधिक गतिविधियों में प्रयुक्त वाहन खरीदने से बचा जा सके।

डायट प्राचार्य ने कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

चित्रकूट। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर के प्राचार्य बीके शर्मा ने सोमवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चकौंध का औचक निरीक्षण किया। जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, भौतिक परिवेश तथा बालिकाओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लेना था।प्राचार्य ने विद्यालय परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं को परखा। निरीक्षण के दौरान कक्षा ९ से ११ तक की छात्राओं की सत्र परीक्षाएं संचालित पाई गईं। जबकि कक्षा ६ से ८ तक की छात्राएं पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण मध्याह्न भोजन ग्रहण कर रही थीं। विभिन्न कक्षाओं में दर्ज कुल नामांकित बालिकाओं की तुलना में उनकी उपस्थिति संतोषजनक रही। विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित मिला। निरीक्षण के दौरान डायट प्राचार्य ने बालिकाओं के साथ शिक्षण अधिगम प्रक्रिया पर विस्तृत चर्चा की।

उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि उनके उज्ज्वल भविष्य और आत्मनिर्भरता के लिए शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यालय की सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शिक्षण गुणवत्ता को उच्च स्तर पर बनाये रखने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

चित्रकूट। भरतकूप थाना क्षेत्र के अकबरपुर निवासी कमलेश कुमार रावत (४२) की सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी। अकबरपुर निवासी मुन्ना रावत ने बताया कि वह और कमलेश सगे भाई थे। वह दोनों बबेरू बांदा में एक प्लांट में मजदूरी करते थे। २३ अक्टूबर को जौरा-जौराही बबेरू रोड पर वह दोनों कमरे की ओर लौट रहे थे। तभी शराब के नशे में उसका भाई कमलेश पुल के पास गिरकर घायल हो गया था। उसे जिला अस्पताल बांदा में भर्ती कराया गया।

नवांगतुक जनपद न्यायाधीश का अधिवक्ता संघ ने किया स्वागत

चित्रकूट। उच्च न्यायालय इलाहाबाद के निर्देशानुसार जनपद में पदस्थ पूर्व जनपद न्यायाधीश के कार्यभार छोडने के उपरान्त नवागन्तुक जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार पंचम द्वारा पदभार ग्रहण करने के पश्चात सोमवार को अधिवक्ता संघ ने जनपद न्यायाधीश एवं समस्त न्यायाधिक अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने नवागंतुक जनपद न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया तथा बार और बेंच के मध्य आपसी समन्वय, सहयोग एवं सौहार्दपूर्ण संबंध एवं न्यायिक कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने तथा आमजन को सुलभ एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में मिलकर कार्य करने पर बल दिया गया। साथ ही बार एवं बेंच के मध्य बेहतर तालमेल स्थापित कर जनपद में न्यायिक व्यवस्था की एक सकारात्मक एवं अनुकरणीय छवि प्रस्तुत करने तथा समाज में न्याय के प्रति विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करने का संकल्प व्यक्त किया गया।

आयोग ने पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति का किया आकलन

त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में ओबीसी के प्रतिनिधित्व एवं आरक्षण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर हुई चर्चा

चित्रकूट। कलेक्ट्रेट सभागार सोनेपुर में उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग' की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने की। बैठक में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक स्थिति, स्थानीय निकायों में उनके प्रतिनिधित्व तथा आरक्षण से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान समकालीन अनुभवजन्य साक्ष्यों का संकलन कर वस्तुस्थिति का तथ्यपरक आकलन किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी जिलाधिकारी डीपी पाल ने आयोग के समक्ष जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन से संबंधित आवश्यक जानकारियां प्रस्तुत कीं। उन्होंने स्थानीय निकायों एवं पंचायतों में अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व की वर्तमान स्थिति तथा इससे संबंधित उपलब्ध तथ्यों से आयोग को अवगत कराया। साथ ही आगामी पंचायत चुनावों के मद्देनजर विभिन्न पंचायतों एवं ग्रामीण निकायों में ओबीसी आरक्षण की वर्तमान स्थिति, निर्धारित आरक्षण प्रतिशत तथा नियमानुसार आरक्षण व्यवस्था लागू किए जाने से जुड़े विषयों पर विचार विमर्श किया गया।

आयोग ने अन्य पिछड़ा वर्ग की सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक परिस्थितियों तथा उनके प्रतिनिधित्व से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी प्राप्त की। स्थानीय स्तर पर ओबीसी वर्ग की वास्तविक स्थिति का आकलन करने के उद्देश्य से संबंधित तथ्यों एवं अनुभवों को संकलित करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव सहित ब्लाक प्रमुखों, जिला पंचायत सदस्यों, वार्ड सदस्यों तथा ग्राम पंचायत स्तर के जनप्रतिनिधियों से संवाद किया गया। आयोग के सदस्यों ने जनप्रतिनिधियों के विचारों, अनुभवों एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा उनके मंतव्यों को लिखित रूप में प्राप्त किया। ताकि उपलब्ध साक्ष्यों एवं स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति का समुचित एवं तथ्यपरक आकलन किया जा सके। बैठक में आयोग के सदस्य बृजेश कुमार, एसपी सिंह, अरविंद कुमार चौरसिया, संतोष कुमार विश्वकर्मा, ब्लाक प्रमुख पहाड़ी सुशील द्विवेदी, मऊ सुशीला देवी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी देवेंद्र सिंह सहित खण्ड विकास अधिकारी, जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान आदि जनप्रतिनिधि, अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक करते आयोग सदस्य।

परौवा गांव के निरीक्षण में मिली खामियां, सीडीओ ने जतायी कड़ी नाराजगी

जौनपुर। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) नरेंद्र बहादुर सिंह ने सोमवार को मुफ्तीगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत परौवा का स्थलीय निरीक्षण किया। विकास कार्यों में लापरवाही, जल जीवन मिशन में देरी और विद्यालय परिसर में गंदगी पाए जाने पर उन्होंने सख्त नाराजगी जतायी।निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन पानी की टंकी की धीमी प्रगति पर अधिशासी अभियंता को कार्य शीघ्र पूर्ण कराने और कार्यदायी संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। वहीं कंपोजिट विद्यालय परऊवा के शौचालय एवं परिसर में भीषण गंदगी मिलने पर संबंधित सफाईकर्मी को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने और ग्राम पंचायत सचिव को कारण बताओ नोटिस थमाने का आदेश दिया।

लाइनबाजार में जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष, आधा दर्जन घायल

जौनपुर। लाइनबाजार थाना क्षेत्र में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गयी। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चले, जिसमें आधा दर्जन लोग घायल हो गये।घटना के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। मारपीट का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से प्रसारित हो रहा है।

विंध्य गरबा डांडिया महोत्सव में बच्चों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

चित्रकूट। विंध्य गरबा डांडिया महोत्सव में शानदार प्रस्तुतियां देने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मार्डिक फर्नीचर की ओर से बच्चों को उपहार भी भेंट किए गये। सम्मान पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। कार्यक्रम में महिलाओं और बच्चों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन साक्षी मेकअप स्टूडियो के अमन सिंह और फिटनेस जर्नी जिम के अंकित सिंह पटेल की ओर से किया गया। महोत्सव में महिलाओं और बच्चों ने गरबा और डांडिया की शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। रंग बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने अपनी नृत्य प्रतिभा और कला का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों पर दर्शकों ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। महोत्सव का मुख्य आकर्षण बच्चों का पुरस्कार वितरण समारोह रहा। गरबा और डांडिया सहित विभिन्न प्रस्तुतियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साह बढ़ाया गया। मार्डिक फर्नीचर की ओर से बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने कहा कि बच्चों को पुरस्कार देने का उद्देश्य उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में पारंपरिक संगीत और नृत्य के बीच उत्सव का माहौल रहा। साक्षी मेकअप स्टूडियो की ओर से संगीता सिंह, प्रज्ञा सिंह एवं अमन सिंह तथा फिटनेस जर्नी जिम की ओर से अंकित सिंह पटेल ने आयोजन की व्यवस्थाओं एवं कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में सतना से पधारी विंध्य गर्भोत्सव की टीम के सदस्य शिवांशु स्वर्णकार, विशाल सर एवं उनकी पूरी टीम का विशेष योगदान रहा।

(बावत आवाम फरोख्त के लिए)

(आर्डर 41 कायदा 14)

बअदालत - उपजिलाधिकारी महोदय, कर्वी जनपद चित्रकूट कम्प्यूटरीकृत वाद सं0-T202607190107601 धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 श्रीमती ऊषा देवी बनाम 1-फैज हदीस पुत्र स्व0 मो0 हदीश अली निवासी-65/सी0 मिंट रोड प्रयागराज उ0प्र0 दरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0संहिता दायर किया है। लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप तारीख 28.10.2026ई0 वरवक्त 10:00 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमा के अदालत से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और जो कुल उमर अइन मुतालिक मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्श हो जवाब ऐसे सवालात का दे, हाजिर हो और जवाब देहीदात कराकर और दरगाह वही तारीख जो आपके इजराय के लिए मुकर्रर है, वास्ते इनमिसाल कतई मुकदमा की तहजीब हुई है आपको लाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिसकी आप अपनी जवाब देही के तहत इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। आपको इत्तला दी जाती है कि अनरववाज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैर हाजिर मजकूर और फैसला होगा। बरख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज तारीख 22-2-10-26.ई0 जारी किया गया। **न्यायालय उपजिलाधिकारी**

नियत तिथि- 28.10.2026

११वीं आईजेकेए चैम्पियनशिपमें प्रयागराज कराटे अकादमीको दूसरा स्थान



प्रयागराज खेल

११वीं आईजेकेए यूपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप-२०२६ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रयागराज सहित फतेहपुर, संत कबीर नगर, आजमगढ़, गोरखपुर और चंदौली की टीमों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा, तकनीक और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में पदकों के आधार पर प्रयागराज कराटे अकादमी ने दूसरा स्थान हासिल कर जिले का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में प्रयागराज कराटे अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल २२ पदक अपने नाम किए। इनमें १३ स्वर्ण, सात रजत और दो कांस्य पदक शामिल रहे। सिद्धि मिश्रा, ज्योत्सना, जाह्नवी, अर्घ, अर्नव, श्रेयांस, अद्रित, उत्कर्ष, ईशान, अद्विता, अंबिका, अन्वेषा और अंबिका यादव ने स्वर्ण पदक हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दिव्या, दृष्टि, आध्या, आदर्श, अभिनव, हर्षिका और आयुषी ने रजत पदक जीतकर अकादमी का मान बढ़ाया। नृमण्या और शौर्य ने कांस्य पदक हासिल कर प्रतियोगिता में अपनी सफलता दर्ज कराई। प्रतियोगिता का उद्घाटन इलाहाबाद कराटे एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लेने और निरंतर अभ्यास के माध्यम से बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में बाल मित्र स्कूल के निदेशक अर्पण यादव ने विजेता एवं पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास और शारीरिक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता के सफल संचालन में निर्णायक मंडल की अहम भूमिका रही। निर्णायक मंडल में आरडी यादव, शहबाज खान, लवकुश भारतीय और शुभम शामिल रहे। वहीं सहायक निर्णायकों के रूप में रितेश वर्मा, शिवांश यादव, रोहिताश्व द्विवेदी, सिद्धि मिश्रा, रिया तिवारी, आराध्या केशरवानी और मृणालिनी श्रीवास्तव ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। प्रयागराज कराटे अकादमी के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से अकादमी और खेल जगत में खुशी का माहौल रहा। खिलाड़ियों की सफलता को उनके निरंतर अभ्यास, मेहनत और अनुशासन का परिणाम माना जा रहा है।

एमआईसी ए और रेलगांव क्लब फाइनलमें





एमआईसी ए ने जैदी इंडोर क्लब ए को दो रन और रेलगांव कूब ने सावित्री देवी कूब को ६६ रन से हराकर सैयद असद कासिम अंडर-१६ क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। जहां दोनों की भिड़ंत २८ अक्तूबर को होगी। मजीदिया इस्लामिया इंटर कालेज के मैदान पर सोमवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में एमआईसी ए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर १५२ रन (अल्तमश ३८, अंश सिंह ३७, प्रांजल सिंह १३, सृजन पटेल ३/२०, हर्षित तिवारी २/३८ तथा राहुल यादव, आर्यन और देवांश कुमार स्वप्रिल एक-एक विकेट) बनाए। जवाब में जैदी इंडोर क्लब ए की टीम २० ओवर में नौ विकेट पर १५० रन (हर्षित तिवारी ७१, हर्षवर्धन २०, कुणाल पाल १५, अंश यादव ४/४०, अंश सिंह ने २/२२ तथा सूरज चौहान और अल्तमश एक-एक विकेट) ही बना सकी। अंश सिंह को आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक गौहर काजमी ने मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया। दूसरे सेमीफाइनल में रेलगांव क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर १९४ रन (शादान अब्बास रिजवी ६० नाबाद, सक्षम वर्मा ४७, मोहम्मद अकसम अली ३१, नैतिक शुक्ला ३०, कमल सिंह चंदेल २/२४, सचिन यादव और गौरव पटेल एक-एक विकेट) बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए सावित्री देवी क्लब की टीम १९.२ ओवर में १२८ रन (विवेक यादव ३१, प्रिंस पाल २१ नाबाद, सचिन यादव १७ और शुभम सोनकर १४, श्लोक चतुर्वेदी ४/१५, सक्षम वर्मा २/१८ तथा मोहम्मद अकदस अली और रेहान वजाहत एक-एक विकेट)पर सिमट गई। सक्षम वर्मा को इलाहाबाद विश्वविद्यालयके पूर्व क्रिकेटर एवं एसीए की सीनियर चयन समितिके सदस्य शमशेर अलीने मैन आफ द मैचका पुरस्कार दिया।

मंडलीय एथलेटिक्समें प्रयागराजका दबदबा, खुशी-प्राचीने जीते स्वर्ण



जनपदीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के समापन के बाद ७०वीं मंडलीय माध्यमिक विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता २०२६-२७ की शुरुआत सोमवार को मदन मोहन मालवीय स्टेडियम में हुई। दो दिवसीय प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक नीरज केसरी ने किया। प्रतियोगिता में प्रयागराज मंडल के चार जनपदों के खिलाड़ियों ने विभिन्न आयु वर्गों की दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और शॉटपुट स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विभिन्न वर्गों में प्रयागराज के खिलाड़ियों का प्रदर्शन उल्लेखनीय रहा।

सब जूनियर बालिका वर्ग में सयना बानो ने १०० और २०० मीटर दौड़ में प्रथम स्थान हासिल किया। जूनियर बालिका वर्ग में खुशी यादव ने १०० और २०० मीटर दौड़ में बाजी मारी। वहीं, सीनियर बालिका वर्ग में प्राची वर्मा ने ८०० और १५०० मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। खुशी और प्राची ने स्वर्ण पदक मिला। बालक वर्ग में भी प्रयागराज के खिलाड़ियों ने कई स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किए। कौशाम्बी और फतेहपुर के खिलाड़ियों ने भी विभिन्न स्पर्धाओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी उपस्थिति दर्ज करायी।

अबीरकी घातक गेंदबाजीसे संजय आर्या क्रिकेट क्लबकी जीत

नेहरू पार्क स्थित संजय आर्या क्रिकेट अकादमी के मैदान पर खेले गए अंडर-१२ क्रिकेट मुकाबले में संजय आर्या क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वीएस क्रिकेट क्लब को १६ रनों से हरा दिया। टीम की जीत में अबीर की घातक गेंदबाजी की अहम भूमिका रही। उन्हें मैन आफ द मैच चुना गया। टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी संजय आर्या क्रिकेट क्लब की टीम १४ ओवर में सभी विकेट खोकर ८६ रन ही बना सकी। स्वास्तिक ने १६ रन, जबकि अभिनव और सुधांशु ने १०-१० रनों का योगदान दिया। वीएस क्रिकेट कूब की ओर से अतुल ने चार विकेट झटके, जबकि अनुभव, वैभव, उत्कर्ष और शिवाय ने एक-एक विकेट हासिल किया। ८७ रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वीएस क्रिकेट क्लब की टीम संजय आर्या क्रिकेट कूब के गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी और ७० रनों पर आलआउट हो गई। संजय आर्या क्रिकेट कूब की ओर से अबीर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में दो मेडन के साथ महज पांच रन देकर तीन विकेट लिए। अथर्व और वैभव ने दो-दो विकेट हासिल किए, जबकि विराज, वंश और रणवीर ने एक-एक विकेट लेकर टीम की जीत सुनिश्चित की। शानदार गेंदबाजी के लिए अबीर को मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मैच में अंपायरिंग डीके यादव और शिवम ने की, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी सुधांशु ने निभाई।

